विनिवेश के लिए प्लांट का मूल्य निर्धारित करने बड़ी कम्पनियों को किया गया नियुक्त

जगदलपुर,(**आरएनएस**)। बस्तर के एक मात्र शासकीय क्षेत्र में स्थापित होने वाले नगरनार स्टील प्लांट को निजी हाथों में देने के लिए विनिवेश तथा इसके मूल्य निर्धारण के लिए देश की बड़ी कम्पनियों को नियुक्त कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विनिवेश की प्रक्रिया कोलकाता, मुंबई और नोएडा की प्रसिद्ध विशेषज्ञ कंपनियां करेंगी। जिन कंपनियों को एनएमडीसी ने यह काम सौंपा है उसमें ट्रांजेक्शन एडवाईजर के लिए एसबीआई केपीटल मुंबई, लीगल एडवाईजर के लिए मेसर्स सागर एसोसिएट्स कोलकाता और परिसंपत्तियों के मूल्यों के निर्धारण के लिए मेसर्स प्रोटोकाल इंश्योरेंस सर्वेयर्स एंड लॉस एसेसर प्रायवेट लिमिटेड नोएडा को चुना गया है। यइ संबंध में एनएमडीसी लिमिटेड हैदराबाद के मुख्यालय से गत मार्च को विनिवेशीकरण की प्रक्रिया के लिए सलाह हेतु संस्थानों को आमंत्रित किया था। गत दिनों संपत्ति का मूल्य निर्धारण करने के लिए एक संस्थान की टीम नगरनार का दौरा करने वाली थी। लेकिन विरोध की स्थिति देखकर नगरनार न जाकर यहीं से वापस लौट गए। गत वर्ष नीति आयोग ने देश के सार्वजनिक क्षेत्र के 17 उद्योगों का विनिवेश करने का निर्णय लिया था। बस्तर में इस प्लांट के प्रति लोगों की गहरी रूचि व लगाव को देखते हुए तथा देश हित में इसे निजी हाथों में न देने के लिए आगामी 28 जुलाई को स्थानीय श्रमिक संगठनों के आह्वान पर एनएमडीसी के सभी कर्मचारियों को हड़ताल पर रहने का निर्णय लिया गया है। जिससे केन्द्र पर निजीकरण करने के कदम पर दबाव बनाया जा सके तथा इसे शासकीय नियंत्रण में कोई नई कंपनी बनाकर इसे चलाया जा सके।

ई.एम.ई.जी. फेसआफ द विथ फियर,जिंदगी के अनुभवों का खजाना-चंदवानी

0 छग का पहला अंग्रेजी उपन्यास जो जीवन की सच्चाईयों से रूबरू कराता है।

रायपुर,(**आरएनएन**)। मौत एक ऐसा रोमांच है जिसे ज्यादातर लोग अनुभव नहीं करते। कहानियों और जीवन की सच्चाईयों में जमीन आसमान का फर्क होता है। कहानियों को सुनने के बाद उसका अन्वेषण आसानी से किया जा सकता है किन्तु मौत के हैरतअंगेज अनुभवों से गुजरना जीवन को जीने का एक अदभूत अंदाज है। मौत की सच्चाईयों से जुड़ी ऐसी कहानियां आमतौर पर पाठकों को एक ऐसी दुनिया में ले जाती है जहां लगभग सबकुछ है। उम्मीद देने वाले सितारों से अंधकार में ले जाने वाले मौत के बादल यह सदविचार प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकार वार्ता में अंग्रेजी उपन्यास लेखक दिनेश चंदवानी ने व्यक्त किये। उन्होंने बताया कि उनकी किताब ईएमईजी फेस आफ द फियर में अदभुत डर नशे में पात्र का डूबा रहना आत्महत्या की कुंठित मानसिकता और अदभुत यात्राओं से गुजरने वाले पात्रों का अनोखा अनुभव है जिसे पढ़ते समय पाठक दीन दुनिया से बेखबर एक बार पढ़ना शुरू करेंगे तो उसे अंत तक पढ़ने के बाद ही छोड़ेंगे। उन्होंने बताया कि इस उपन्यास से मिलने वाली राईटी वे माओवादी हमले में शहीद हुये सीआरपीएफ नवजवानों के परिवारों को सहयोग राशि के रूप में प्रदान करेंगे। पाठकों के लिए उन्होंने यह पुस्तक अमेजन फ्लिपकार्ट और गूगल प्ले पर उपलब्ध होने की जानकारी भी दी। उन्होंने बताया कि जीवन में तीन घटनाओं से प्रभावित होकर इस उपन्यास को लिखने में उन्हें 6 वर्ष का समय लगा। वे पेशे से व्यवसायी है। उन्होंने इंजीनियरिंग कालेज नागपुर से कम्प्युटर सांइस की डिग्री ली है। साहित्य में रूचि होने के कारण ही उन्होंने छग में पहले उपन्यास को अंग्रेजी भाषा में लिखकर पाठकों के समक्ष प्रस्तुत किया है।

टैक्स जमा न कर तीन वर्ष से फरार व्यवसायी गिरफ्तार

66,56,358 रू का वाणिज्यक कर जमा न कर शासन को क्षति पहुंचाई

भिलाई,(**आरएनएस**)। लंबे समय से इनकम टैक्स न पटाकर सरकार को लाखों रूपए के चपंत करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि राकेश राम चौधरी द्वारा मेसर्स चेतना ट्रेडर्स खुर्सीपार भिलाई के नाम से 20 फरवी 2009 को आयरन एंड स्टील कोक एवं कोल एवं रददी पेपर का क्रय विक्रय करने हेतु पंजीयन कराया था जिसकों विभाग द्वारा टिन न. 22543203983 जारी किया गया था। आरोपी राकेश राम चौधरी द्वारा वर्ष 2011 से 2014 के मध्य पंजीयन किया गगा फर्म के माध्यम से बोगस बिल जारी किया गया था। आरोपी के द्वारा चेतना ट्रेडर्स फर्म के माध्यम से अलग-अलग क्रेताओं को 13,31,27,158 रू का सामग्री बिक्री किया जाना पाया गया। उक्त 13,31,27,158 रू के विक्रय पर 66,56,358 रू का वेट टैक्स के रूप में राजस्व शासन को प्राप्त होना था किन्तु आरोपियों द्वारा फर्जी विक्रय बीजक जारी करते हुये छलकपट कर अवैध लाभ अर्जित किया गया एवं शासन 66,56,358 रू का टैक्स क्षति पहुंचाया गया। आरोपी द्वारा कई डीलरों को 13,31,158 रू का बिक्री किया गया था जिसका टैक्स 66,56,358 रू को शासन को जमा नहीं कर उक्त रकम की क्षति शासन को पहुंचा कर धोखाधड़ी किया गया जिस पर वाणिज्जयक कर अधिकारी दुर्ग के रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक धारा 420 भादवि का कायम कर विवेचना में लिया गया । कायमी पश्चात से आरोपी फरार था जिसका लगातार पता तलाश किया जा रहा था। आरोपी के विरूद्ध महावीर अग्रवाल वाणिज्जयक कर अधिकारी द्वारा शिकायत किया गया था, जिसमें वह 6656358 रू टैक्स शासन को जमा नहीं किया था। आरोपी राकेश राम चौधरी पिता रमिंदर सिंह 39 वर्ष खुरसीपार का रहने वाला है।

निजीकरण का विरोध, 28 को करेंगे हड़ताल

जगदलपुर,(**आरएनएस**)। बस्तर जिले के नगरनार में लगे स्टील प्लांट को केंद्र सरकार द्वारा निजीकरण करने की योजना को लेकर श्रमिक संघों का प्रदर्शन जारी है। निजीकरण के विरोध में ऑल इंडिया एनएमडीसी वर्कर्स फेडरेशन द्वारा देश मे स्थित एनएमडीसी के सभी परियोजनाओं में 28 जुलाई को पूर्णरूप से काम ठप करते हुए सांकेतिक हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया गया है। साथ ही जरूरत पड़ने पर निजीकरण के विरोध में लम्बी लड़ाई लड़ने की बात कही गई। 28 जुलाइ को प्रस्तावित हड़ताल के संदर्भ में एसकेएमएस और एमएमडब्ल्यू दोनों श्रम संघों की ओर से किरंदुल में एक आम सभा का आयोजन कर सभी कामगारों और लोगों से हड़ताल को सफल बनाने व निजीकरण के खिलाफ सभी को मिल-जुलकर केंद्र सरकार के विरुद्ध लड़ने का आव्हान किया गया। एसकेएमएस के केंद्रीय अध्यक्ष सीआर बख्शी ने नगरनार स्टील प्लांट के निजीकरण का पुरजोर विरोध करते हुए केंद्र सरकार को जमकर कोसा।

भीड़ ने बीफ होने के संदेह में ट्रक में आग लगायी

बेरहामपुर,(**आरएनएस**)। भीड़ ने आज यहां राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक ट्रक के पलट जाने के बाद उसमें आग लगा दी। भीड़ का आरोप था कि ट्रक में बीफलदा है। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जब भीड़ ने हमला किया तो ट्रक चालक और क्लीनर दोनों वहां से भाग गए। ट्रक बिहार से मुंबई जा रहा था और रास्ते में संतुलन बिगड़ने से पलट गया। इसके बाद ट्रक से एक पैकेट गिर गया। स्थानीय लोगों का आरोप था कि उस पैकेट में बीफ है। बेरहामपुर सदर के एसडीपीओ अशोक कुमार मोहंती ने कहा कि पैकेट की जांच करायी जाएगी ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उसमें बीफ है या नहीं। इस बीच इलाके में तनाव फैल गया और लोगों ने ट्रक चालक तथा क्लीनर की गिरफ्तारी की मांग करते हुए सड़क को जाम कर दिया। मोहंती ने कहा कि जाम समाप्त हो गया है।

लालू की बेटी मीसा भारती की बढ़ी मुश्किलें

ईडी ने की फार्महाउस सीज करने की तैयारी

नई दिल्ली,(**आरएनएस**)। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। सूत्रों के मुताबिक मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी ने लालू यादव की सांसद बेटी मीसा भारती और उनके पति शैलेश कुमार के दिल्ली स्थित फार्म हॉउस को सीज करने का फैसला लिया है। इस समय मीसा-शैलेश पर फर्जी कंपनियों के सहारे कम से कम 8000 करोड़ की ब्लैकमनी को व्हाइट करने का आरोप है। मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी ने दिल्ली के सैनिक फार्म इलाके में स्थित फार्म हाउस, बिजवासन और घिटोरनी जैसे इलाकों के फार्म हॉउसों में छापे भी मारे थे। सैनिक फार्म हाउस 2.8 एकड़ में फैला हुआ है और इसकी कीमत 50 करोड़ बताई जा रही है।

लालू से छीना था विशेषाधिकार

इससे पहले अघोषित संपत्तियों से जुड़े मामलों में परिवार के सदस्यों पर लगातार सीबीआई, ईडी की छापेमारी के बीच नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने लालू और उनकी पत्नी राबड़ी देवी को मिला विशेषाधिकार खत्म कर दिया था। पूर्व मुख्यमंत्री होने के नाते उन्हें पटना एयरपोर्ट की हवाई पट्टी का डायरेक्ट एक्सेस मिला हुआ था।

3 साल में 72 हजार करोड़ से ज्यादा काला धन मिला

नई दिल्ली,(**आरएनएस**)। केंद्र सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय को बताया कि आयकर विभाग की जांच, छापे और दूसरी कार्रवाई से पिछले तीन सालों में करीब 71,941 करोड़ रुपए की अघोषित आय वाले काले धन का पता चला है। सुप्रीम कोर्ट में दिए हलफनामे में वित्त मंत्रालय ने कहा कि नोटबंदी के समय पिछले साल 9 नवंबर से 10 जनवरी तक की अवधि में 5,400 करोड़ रुपये से ज्यादा की अघोषित आय और 303.367 किलोग्राम सोना जब्त किया गया। 1 अप्रैल 2014 से 28 फरवरी 2017 तक के तीन सालों की जानकारी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को दी है। इसमें नोटबंदी की अवधि भी शामिल है। शपथ पत्र में कहा गया कि तीन साल की अवधि में 2,027 से अधिक समूहों में आईटी विभाग द्वारा छापेमारी की गई, जिनके कारण 36,051 करोड़ रुपये से अधिक की अघोषित आय का पता चला है. यह 2,890 करोड़ रुपये की अघोषित संपत्ति की जब्ती के अलग है। इसी तरह 1 अप्रैल 2014 से 28 फरवरी 2017 के बीच, आयकर विभाग ने 15,000 से अधिक सर्वेक्षण किए. जिसमें 33,000 करोड़ रुपये से ज्यादा की अघोषित आय का पता चला है।

राष्ट्रीय शौर्य पुरस्कार के लिए आवेदन 31 अगस्त तक आमंत्रित

रायपुर,(**आरएनएस**)। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि वर्ष 2016-17 के राष्ट्रीय पुरूस्कार हेतु योग्य बालक-बालिकाओं से आवेदन आमंत्रित किए गए है। आवेदन महिला एवं बाल विकास विभाग कलेक्टर परिसर में आगामी 31 अगस्त तक प्रस्तुत किए जा सकते है। इस योजना के अंतर्गत आवेदन करने के लिए आवश्यक है कि बालक-बालिका द्वारा वीरता का कोई कार्य किया गया हो तथा उनकी उम्र कम से कम 6 वर्ष एवं अधिकतम 18 वर्ष होना चाहिए। शौर्य कार्य की अवधि 01 जुलाई 2016 से 30 जून 2017 के मध्य होना चाहिए। आवेदन के साथ एफआई.आर. अथवा पुलिस डायरी, समाचार पत्रों की कतरने, दो पासपोर्ट साईज के वर्तमान रंगीन फोटोग्राफ्स, सक्षम अधिकारी द्वारा प्रमाणित एवं चार अतिरिक्त पासपोर्ट साईज के फोटो संलग्न करना होगा। घटना का विस्तृत विवरण प्रतिवेदन सक्षम अधिकारी द्वारा सत्यापित हो तथा नामांकन अथवा आवेदन निर्धारित पत्र में 03 प्रतियों में जमा करना होगा। आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 अगस्त 2017 है।

541 प्रमोशन पदोन्नति निरस्त,कोर्ट में जाने की चेतावनी

जगदलपुर,(**आरएनएस**)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत की अनुशंसा पर सहायक शिक्षक से शिक्षक पंचायत की प्रमोशन लिस्ट 21 जून को जारी हुई थी। जिसमें 541 अध्यापकों को पदोन्नति मिली थी। जिन शिक्षकों को प्रमोशन मिली है उनका कहना है कि इस लिस्ट को निरस्त करने की जानकारी मिल रही है। जिपं द्वारा जारी सूची छग लोक सेवा पदोन्नति नियम के अनुसार हुई हैं यदि इस सूची को निरस्त किया जाता है तो ये सभी शिक्षक कोर्ट जाने के लिए बाध्य होंगे।

जोगी कांग्रेस ने मंत्री केदार का फूंका पुतला

जदलपुर,(**आरएनएस**)। जोगी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शिक्षा मंत्री केदार कश्यप का पुतला फूंका। जोगी कांग्रेस के नरेंद्र भवानी ने बताया कि शिक्षा मंत्री प्रदेश के अफसरों को जूता मारने की धमकी देते हैं और उनके साथ सार्वजनिक तौर पर अभद्र व्यवहार करते हैं। ऐसे में विरोध में उनके दो पुतले फूंके गए। जोगी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तिंरगा चौक पर मंत्री का पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया था। इसकी जानकारी पुलिस को पहले से मिल गई थी। ऐसे में सिटी कोतवाली और बोधघाट थाने का बल यहां लगाया गया था। कार्यकर्ताओं ने जैसे ही पुतले को आग लगाया तो पुलिस इसे छीनने के लिए भागी। इस दौरान कुछ देर के लिए यहां जलते पुतले को लेकर अफरा तफरी का महौल बन गया। जोगी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने यहां एक-एक कर दो बार पुतला फूंका।

रक्षाबंधन में बहनों को इस बार मिलेंगे सिर्फ 2 घंटा 52 मिनट

रायपुर,(**आरएनएस**)। इस बार रक्षाबंधन में की रात को चंद्रग्रहण लगने से बहनों को भाई की कलाई पर राखी बांधने के लिए कम समय मिलेगा। चंद्रग्रहण लगने से पहले दिन में ग्रहण का सूतक रहेगा। खास बात यह है कि इस दिन एक साथ रक्षा बंधन, चंद्रग्रहण और सावन माह के आखरी सोमवार का भी संयोग पड़ रहा है। सात अगस्त को श्रावण मास का आखिरी सोमवार भी है और रक्षाबंधन भी। रक्षाबंधन की रात 10 बजकर 52 मिनट पर खंडग्रास चंद्रग्रहण लग रहा है। जो मध्यरात्रि 12 बजकर 48 मिनट पर खत्म हो÷ा। जबकि खंडग्रास चंद्रग्रहण का सूतक दोपहर 1 बजकर 52 मिनट से लग जाएगा। सुबह 11 बजे तक भद्रा होने से इससे पहले राखी नहीं पहनाई जा सकती। यानि बहनों के पास राखी पहनाने के लिए रक्षाबंधन के दिन सुबह 11 बजे से 1 बजकर 52 मिनट का ही समय है। आचार्य भरत राम तिवारी के अनुसार श्रावण पूर्णिमा को चंद्रग्रहण होने से श्रावण नक्षत्र एवं पूर्णिमा तिथि दोनों ही दूषित हैं। इससे रक्षाबंधन पर्व ग्रहण के साये में है। ज्योतिषविदों की राय में इस बार करीब नौ साल के बाद रक्षाबंधन के दिन चंद्रग्रहण का योग बना है। रक्षाबंधन के दिन चन्द्रग्रहण और भद्रा होने से राखी बांधने के लिए के केवल 2 घंटे 52 मिनट का ही समय मिल रहा है। भारत में दिखेगा चंद्रग्रहण श्रावण शुक्ल पूर्णिमा सोमवार 7 और 8 अगस्त को होने वाला चंद्रग्रहण भारत में दिखाई देगा। यह ग्रहण सोमवार को हो रहा है। इसलिए इसे चूड़ामणि चंद्रग्रहण कहा जाएगा। इसमें स्नान, दान, जप, हवन, श्राद्ध का अत्यधिक महत्व है। राशि पर शुभ-अशुभ ग्रहण के समय मेष, सिंह, वृश्चिक व मीन राशि वाले के लिए शुभ, वृष, मिथुन, कर्क, कन्या, तुला, धनु, मकर और कुम्भ राशि वाले जातकों के लिए अशुभ होगा। श्रावण नक्षत्र में जन्मे जातकों के लिए ग्रहण अशुभ हो रहा है। ज्योतिषों की राय में उन्हें छाया दान कर अपने इष्ट का जाप करना चाहिए।

चूहों द्वारा दूषित दूध पिलाये जाने से बच्चों को बीमारियों का खतरा

जगदलपुर,(**आरएनएस**)। अमृत दूध योजना के अंतर्गत अंग्रिम रूप से स्कूलों में पहुंचाये जा रहे 30 किलो दूध भरे पैकेट्स को चूहों द्वारा कुतर दिये जाने से इस दूध का सेवन बच्चों को संभावित बीमारी के खतरे को निमंत्रण दे रहा है। जानकारी के अनुसार शासन की योजना अनुसार प्रति सोमवार स्कूली बच्चों को अमृत सोया दूध की खूराख उनकी तंदरूस्ती के लिए दी जा रही है लेकिन यह दूध स्कूलों में भंडारण के लिए उचित व्यवस्था न होने तथा रख - रखाव न होने से बच्चों के लिए ही बीमारियों का खतरा बन रहा है। अनेक स्कूलों के प्रबंधन द्वारा इस संबंध में जानकारी दी गई कि शासन द्वारा योजना शुरू होने के पूर्व शिक्षकों को आवश्यक विशेष प्रशिक्षण बच्चों को दूध पिलाने के पूर्व दिया गया है लेकिन स्कूलों में दूध के रखने की व्यवस्था नहीं की गई जिससे स्कूलों में जगह की कमी के कारण दूध को रखने के लिए बाहर व कहीं पर भी रखने की कोशिश की जाती है। धान के खेतों के कारण और चूहों की संख्या इससे अधिक होने से चूहे दूध के पैकेट्स को कुतर-कुतरकर नुकसान पहुंचाते हैं और इनका उपयोग चूहों के द्वारा जूठे कर दिये जाने से इनमें विषाक्तपना उत्पन्न हो सकता है। जिसका सेवन बच्चों को नुकसान भी पहुंचा सकता है। बच्चों के पालकों सहित अनेक शिक्षकों ने शासन से आग्रह किया है कि दूध के भंडारण के लिए अलग से व्यवस्था की जाए।

मुख्य सुरक्षा आयुक्त के बेटे ने लगाई फांसी

बिलासपुर,(**आरएनएस**)। रेलवे मुख्य सुरक्षा आयुक्त के बेटे कपड़ा सूखाने की रस्सी से फांसी लगाकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली है। युवक की जेब से सुसाइड नोट प्राप्त हुआ है। पुलिस ने पंचनामा कर शव का पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार बिलासपुर रेलवे जोन के मुख्य सुरक्षा आयुक्त आरपीएफ आरएस चौहान के बेटे आकाश सिंह (21) न्यूजीलैण्ड में मैनेजमेंट का पढ़ाई कर रहा था। बीते नवंबर से वह शहर में ही ताखहार क्षेत्र रेलवे क्वार्टर में अपने परिवार के साथ निवास कर रहा था। जानकारी के अनुसार उसे डिप्रेशन की बीमारी हो गई थी, जिसका इलाज वह नवंबर 2016 से बिलासपुर में ही करा रहा था। रविवार की रात को वह खाना खाने के बाद घर से बाहर टहलने निकला था। घर के आंगन में कपड़ा सूखाने के लिए रस्सी लगाया गया है। मृतक परिजनों से छुपकर उक्त रस्सी को काट लिया था। आज सुबह जब आकाश अपने कमरे से बाहर नहीं निकला तो परिजनों ने उसे आवाज देकर जगाने की कोशिश की।

विज्ञान समाचार Science News

कुत्ते क्यों होते हैं इंसानों के सबसे अच्छे दोस्त

कुत्ते भरोसेमद होते हैं, ये तो हम आप जानते ही हैं, लेकिन नए अध्ययन के मुताबिक वे हमारे सबसे अच्छे दोस्त भी होते हैं। अमरीकी वैज्ञानिकों ने पता लगाया है कि कुत्तों में दोस्ती करने का विशेष अनुवांशिक गुण मौजूद होता है। कुत्तों का विकास भेड़ियों से ही हुआ है, रिसर्च में पाया गया कि हजारों साल की विकास प्रक्रिया के बाद कुत्ते झुंड में रहने लगे, इसी वजह से वे इंसानों के भी ज़्यादा क़रीब आने लगे। प्रिंसटन यूनिवर्सिटी की डॉ. ब्रिजेट वोनहोल्ट बताती हैं कि उन्होंने इस रिसर्च के दौरान कुत्तों और भेड़ियों में अनुवांशिक विभिन्नता पाइ, जबांक बिल्लियों व अन्य पालतू जानवरों में दोस्ती करने वाली खूबी एक समान देखने को मिली। अलग-अलग व्यवहार का परीक्षण किया जिसमें उनकी समस्या हल करने की क्षमता और लोगों के साथ घुलने-मिलने वाले व्यवहार को जांचा गया। शोधकर्ताओं ने पाया कि किसी समस्या को हल करने के मामले में भेडिए एक समान क्षमता रखते हैं लेकिन किसी के साथ दोस्ती करने के मामले में कुत्ते ज़्यादा तेज़ साबित हुए। कुत्ते आसानी से किसी अपरिचित के पास चले जाते हैं जबकि भेड़िए इस मामले में अलग ही रहते हैं। इस शोध को सह-शोधकता और नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ हेल्थ की डॉ इलेन ओसट्रेंडर ने कहा कि इस शोध के जरिए इंसान के व्यवहार में आने वाली समस्याओं को समझने में भी मदद मिल सकेगी। 20,000 से 40,000 साल पहले भेड़ियों को कुत्तों के रूप में पालने की प्रक्रिया शुरू हुई थी, यह रिसर्च ये भी बताती है कि किस तरह वक्त के साथ भेड़ियों के अंदर दोस्ती के गुण पैदा होते गए और आज वे कुत्तों के रूप में इंसानों के सबसे अच्छे दोस्त बन गए हैं यह अध्ययन मूल रूप में साइंस एडवांसेज जर्नल में प्रकाशित हुआ है।

गाय की मदद से बनाया जा सकता है एड्स का टीका

अमरीकी शोधकर्ताओं का कहना है कि एचआईवी से निपटने के लिए वैक्सीन बनाने में गाय काफी मददगार साबित हो सकती है। प्रतिरक्षा के तौर पर ये जानवर लगातार ऐसे विशेष एंटीबॉडीज प्रोड्यूस करते हैं जिनके जरिए एचआईवी को खत्म किया जा सकता हैं। ऐसा माना जा रहा है कि कॉप्लेक्स और बैक्टीरिया युक्त पाचन तंत्र की वजह से गायों में प्रतिरक्षा की क्षमता ज़्यादा विकसित हो जाती है। एचआईवी एक घातक प्रतिद्वंद्वी है और इतनी जल्दी अपनी स्थिति बदलता है कि वायरस को मरीज़ के प्रतिरक्षा सिस्टम में हमला करने का रास्ता मिल जाता है, एचआईवी अपनी मौजूदगी को बदलता रहता है कइ वैक्सीन मरीज़ के रोग प्रतिरोधक सिस्टम को विकसित कर सकती है और लोगों को संक्रमण के पहले स्टेज पर बचा सकती है।

जीजेएम की अनिश्चितकालीन हड़ताल को हुए 40 दिन

दार्जीलिंग,(**आरएनएस**)। गोरखा जनमुक्ति मोर्चा (जीजेएम) की अनिश्चित कालीन हड़ताल के 40 दिन होने पर पुलिस महानिदेशक और अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी कानून एवं व्यवस्था की स्थिति का जायजा लेने के लिए आज दार्जीलिंग का दौरा करेंगे। पुलिस ने बताया कि दार्जीलिंग में स्थिति अब भी तनावपूर्ण बनी हुई है लेकिन रविवार रात से हिंसा या आगजनी की कोई घटना नहीं हुई है। पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिदेशक सुरजीत कार पुरकायस्थ, एडीजीपी (कानून एवं व्यवस्था) अनुज शर्मा और अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का आज दार्जीलिंग का दौरा करने का कार्यक्रम है। वे जिला पुलिस अधिकारी और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। पुलिस और सुरक्षा बलों ने पहाड़ी इलाके में गश्त दी और प्रवेश तथा निकास मार्गों पर कड़ी निगरानी रखी। दवाइयों की दुकानों को छोड़कर सभी अन्य दुकानें, रेस्तरां, होटल, स्कूल और कॉलेज बंद हैं। जीजेएम ने अलग गोरखालैंड राज्य की मांग को लेकर पहाड़ी इलाके के विभिन्न हिस्सों में रैलियां करने की योजना बनाई है। राजनीतिक पार्टी के कुछ कार्यकर्ताओं ने पारंपरिक नेपाली पोशाक पहनकर आज सुबह रैलियां निकालीं। उन्होंने गोरखालैंड के समर्थन में नारे लगाए। हड़ताल के कारण खाद्य आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित है। जीजेएम कार्यकर्ता और एनजीओ स्थानीय लोगों को खाने का सामान बांटते देखे गए।

60 लाख के सोने के बिस्कुट जब्त

रामेश्वरम,(**आरएनएस**)। सीमा शुल्क विभाग ने एक कार से 60 लाख रुपए कीमत के करीब 2.5 किलोग्राम सोने के बिस्कुट जब्त किए हैं और मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सीमाशुल्क अधिकारियों ने बताया कि राजस्व खुफिया निदेशालय और सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों ने यहां नई सड़क के पास एक कार को रोका और उसकी सीट के नीचे से दो किलो 400 ग्राम सोना जब्त किया। अधिकारियों ने बताया कि कार में सवार दो लोगों को गिरफ्तार कर पूछताछ के लिए रामनाथपुरम ले जाया गया है।